**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.08.2021 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2621 का उत्तर**

**नई लाइनें बिछाने के लिए भूमि का अधिग्रहण**

**2621. श्री रमाकान्त भार्गव:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या रेल विकास निगम द्‌वारा मांगलिया (इंदौर) से बुढानी तक नई लाइन बिछाने के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) सरकार द्‌वारा भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्रवाई कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): इंदौर-जबलपुर (342 किमी) नई लाइन परियोजना को सरकार से अपेक्षित अनुमोदन के अध्यधीन बजट 2016-17 में शामिल किया गया था। बहरहाल, इस कार्य को अंततः सितंबर, 2018 में 3261.82 करोड़ रु. की लागत पर इंदौर (मंगलियागांव)-बुदनी (205.50 कि.मी.) नई लाइन परियोजना के रूप में स्वीकृत किया गया था। परियोजना के निष्पादन का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को सौंपा गया है।**

**(ग): परियोजना में 1502.84 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण शामिल है। भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।**

**********

S.K